# हिनौती गौधाम में मास्टर प्लान के अनुसार ही निर्माण कार्य कराये जाय : शुक्ल

## निर्माणाधीन गौशेड व गेस्ट हाउस का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश, शीघ्र शुरू होगा नाले का निर्माण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में आयोजित बैठक में कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार ही सभी निर्माण कार्य कराये जांय. उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि गौधाम में प्रस्तावित गौशेड, भूसा शेड सहित अन्य कार्य व्यवस्थित ढंग से लेआउट देकर प्रारंभ करायें. उन्होंने गौधाम के निर्माणाधीन गौशेड एवं गेस्ट हाउस का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराकर लोकार्पण कराने के निर्देश दिये.**



उप मुख्यमंत्री ने विधायक मनगवां द्वारा प्रदत्त की गयी 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से गोपाल, सुरभि एवं नंदिनी गौशेड निर्माण कार्य की प्रगति जानकारी ली. उन्होंने सभी कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये. कामधेनु गौशेड के साथ भूसा शेड का कार्य भी नियत समय तक पूर्ण किये जाने का निर्देश उप मुख्यमंत्री ने दिया. श्री शुक्ल ने उनके स्वयं की विधायक निधि से स्वीकृत 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से मास्टर प्लान के अनुसार व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये.

श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम से लगी किसानों की निजी भूमि में गौवंश न जांय यह व्यवस्था सुनिश्चित की जांय. उन्होंने गौशाला संचालन समिति में क्रियाशील सदस्यों को शामिल करने के भी निर्देश दिये. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौधाम से लगे नाले में मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करायें. उन्होंने गौधाम में जल निगम एवं पीएचई द्वारा निर्मित की गयी जन भागीदारी से टंकी व नेटवर्क पाइप लाइन कार्य के लिए विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की. इस अवसर पर बताया गया कि सभी गौशेड में पानी का कनेक्शन कर दिया गया है. बैठक में उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय ने हिनौती गौधाम में निर्माण कार्यों सहित गायों के पंजीयन की जानकारी दी.

इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, सीईओ जनपद मौजूद रही.

### भूमि का सीमांकन कराने डिप्टी सीएम ने दिये निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने गौधाम के लिए शासकीय भूमि का शेष सीमांकन कराने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये. उन्होंने गौधाम के लिए सड़क निर्माण व अन्य प्रयोजन के लिए निजी भूमि दाताओं का द्वारा प्रदत्त भूमिदान के लिये सम्मान किया. उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमार्ग से गौधाम तक प्रस्तावित सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने गौपूजन कर गाय को गुड खिलाया.



# उप मुख्यमंत्री ने घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि नियमित घरेलू गैस सिलेण्डर आपूर्ति की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराई जाय.**

बुकिंग के आधार पर गैस लेने वाले उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस सिलेण्डर मिल सके. उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के अधिकारियों से फोन से रीवा जिले में नियमित गैस सिलेण्डर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये.

न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं कि जिले में नियमित गैस सिलेण्डर की आपूर्ति होती रही और बुकिंग का बैकलाग समाप्त हो जाय और लोगों को बिना किसी परेशानी के गैस सिलेण्डर मिलता रहे. इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सर्वर के ठीक ढंग से कार्य करने से गैस की आनलाइन बुकिंग हो रही है. रीवा शहर में गैस की उपलब्धता के अनुसार वितरण किया जा रहा है. नियमित आपूर्ति के सभी प्रयास जारी हैं ताकि बैकलाग को पूरा करते हुए लोगों को सुगमता से गैस सिलेण्डर का वितरण हो सके. उन्होंने कहा कि गैस वितरण की सुगम व्यवस्था के लिए एजेंसियों द्वारा कार्य किया जा रहा है.

बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर सहित गैस एजेंसी के संचालक उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा


**रीवा**. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 16 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी. बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की जायेगी. बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों, ई-आफिस व्यवस्था तथा एचपीबी टीकाकरण की समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### आवेदन आज तक आमंत्रित

**रीवा**. लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे. प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा. प्रशिक्षण के लिए शाला में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा. इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला शिल्पी प्लाजा ए-ब्लाक द्वितीय तल से प्राप्त की जा सकती है.

### विचार संगोष्ठी 19 को

**रीवा**. आजादी के आंदोलन के स्तंभ ,नागरिक आजादी के कर्णधार और



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निकटतम सहयोगी आचार्य जेबी कृपलानी (जीवतराम भगवान दास कृपलानी) की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान एवं पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत रीवा मप्र के संयुक्त तत्वावधान में एस ए एफ चौराहा के पास स्थित सिंधु भवन में गुरुवार 19 मार्च को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम आयोजन समिति की तरफ से समाजसेवी शंकर सहानी ने बताया है कि देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संयुक्त प्रांत से संविधान सभा के सदस्य रहे आचार्य कृपलानी की पावन स्मृति में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सिंधु भवन के सभा कक्ष में दिन 3 बजे से संवाद होगा. संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं के द्वारा आचार्य कृपलानी के संबंध में विचार रखने के साथ उनकी पावन स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे.

### जल महोत्सव का हुआ आयोजन




**रीवा**. मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा 'जल जीवन मिशन' के तहत ग्राम पंचायत अजगरहा में कंदैला समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 'जल महोत्सव' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र द्वारा किया गया. उन्होंने हर घर नल से जल पहुँचाने के सफल प्रयास की सराहना की. इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन का स्वरूप देना और जल सुरक्षा के प्रति व्यापक जन जागरूकता फैलाना है. कार्यक्रम के दौरान जल संचयन के महत्व को समझाते हुए सभी ग्रामीणों को पानी के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती पूनम पाण्डेय, जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच, जल निगम के महाप्रबंधक चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जनसहभागिता डॉ. नंद किशोर पचौरी एवं जलनिगम के सभी अधिकारी एवं एस. क्यू. सी के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने बनी सहमति

**रीवा**. मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार पर रीवा जिला इकाई की कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश सहसंयोजक वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी के विशेष उपस्थिति में जिला अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में संघ कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में परिचय जिला महासचिव श्रीप्रकाश तोमर ने कराते हुए जिले के अंतर्गत तहसील अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया के सहमति से की जिसमें सेमरिया तहसील अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी सिरमौर अध्यक्ष अमिताभ सिंह रेशू, जवा अध्यक्ष राजेश्वर मिश्रा, गुढ़ अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता शामिल है. इसी तरह इलेक्ट्रानिक मीडिया का महासचिव शिवकुमार तिवारी को घोषित किया गया तदोपरांत उपस्थित सभी जिला पदाधिकारी व सदस्यों को प्रदेश सहसंयोजक अनिल त्रिपाठी जिला अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी ने संघ का वार्षिक परिचय पत्र प्रदान कर बधाई दी व पत्रकार हितों में एकता के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए प्रदेश नेतृत्व द्वारा समय समय पर दिए गए सुझाव का पालन करने की अपील की गई. प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने की सहमति बनी.

# वृहद रक्तदान शिविर आज कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय कुशाभाऊ ठाकरे में लगाया जायेगा.**

रक्तदान से बड़ा कोई दान नही, किसी के द्वारा किया गया रक्तदान दूसरे व्यक्ति की जान बचाने में काम आता है. इस लिये सभी को रक्तदान करना चाहिये. इससे कोई नुकसान नही होता है. आज 16 मार्च को जिला चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर आयोजन में विभिन्न विभागों को सहभागिता के निर्देश दिये हैं.

उन्होंने आमजन से अपील की है कि रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बनें. कलेक्टर ने अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाओं के संबंध में दायित्व सौंपे तथा निर्देश दिये कि शिविर के व्यवस्थित आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण करायें. उन्होंने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान कराने की बात कही. कलेक्टर ने कहा कि इससे पूर्व भी रीवा में जो रक्तदान शिविर आयोजित हुए हैं उनके अच्छे परिणाम आयें हैं. लोगों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सेदार की ओर अधिक मात्रा में रक्त का संग्रहण हुआ. उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर में अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की.

# शेष रह गये एकल समूहों के ई-टेंडर ऑनलाइन जमा होंगे आज

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, रीवा जिले में वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक अवधि के लिए आबकारी के फुटकर ठेकेदारों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के निष्पादन से शेष रहे चतुर्थ चरण में एकल समूहों के ई-टेंडर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर कार्यालय रीवा में निष्पादित किये जायेंगे.**

सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आनलाइन ई-टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं आफर सबमिट 16 मार्च को सुबह 10 बजे से 17 मार्च को शाम 4 बजे तक किये जा सकेंगे. ई-टेंडर 17 मार्च को शाम 4.05 बजे खोले जायेंगे. ई-टेंडर का आक्शन प्रारंभ एवं आरंभ होने की तिथि 17 मार्च को शाम 5.30 बजे से शाम 6.50 बजे तक निर्धारित है. संबंधित समूह का आक्शन समाप्त होने अथवा 17 मार्च को शाम 6 बजे जो भी बाद में होगा ई-टेंडर खोला जायेगा. अधिक जानकारी के लिए बेवसाइट एक्साइज डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन से प्राप्त की जा सकती है. मंगलवार को टेंडर खुलेगे.

### एकल समूहों के ई-टेंडर आज ऑनलाइन होंगे जमा

मऊगंज, 15 मार्च, मऊगंज जिले में वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक अवधि के लिए आबकारी के फुटकर ठेकेदारों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के निष्पादन से शेष रहे चतुर्थ चरण में एकल समूहों के ई-टेंडर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में निष्पादित किये जायेंगे. सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आनलाइन ई-टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं आफर सबमिट 16 मार्च को सुबह 10 बजे से 17 मार्च को शाम 4 बजे तक किये जा सकेंगे. ई-टेंडर 17 मार्च को शाम 4 .05 बजे खोले जायेंगे. ई-टेंडर का आक्शन प्रारंभ एवं आरंभ होने की तिथि 17 मार्च को शाम 5 .30 बजे से शाम 6 .50 बजे तक निर्धारित है. संबंधित समूह का आक्शन समाप्त होने अथवा 17 मार्च को शाम 6 बजे जो भी बाद में होगा ई-टेंडर खोला जायेगा.

# होटलों में दबिश देकर खाद्य विभाग ने जब्त किये 14 सिलेंडर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की मारामारी जिले में चल रही है. उपभोक्ता सिलेंडर पाने के लिये भटक रहे है. वही होटल-रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक कार्य में किया जा रहा है. लगातार मिल रही शिकायत के बाद खाद्य विभाग की टीम ने दबिश दी.**



जहा अलग-अलग प्रतिष्ठानो से 14 घरेलू सिलेंडर जप्त कर प्रकरण बनाया गया. उल्लेखनीय है कि व्यवसायिक सिलेंडर बंद होने के बाद होटल-रेस्टोरेंटो में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है.

ब्लैक में सिलेंडर लेकर व्यवसायिक कार्य में उपयोग किया जा रहा है जमकर सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है. अभी तक किसी तरह की कार्यवाही खाद्य विभाग ने नही की थी. लेकिन लगातार सिलेंडर की मारामारी और चल रही कालाबाजारी के चलते बढ़ती शिकायतो को देखते हुए कार्यवाही की गई.

रविवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण दौरान बीड़ा सेमरिया रोड के प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक कार्य में दुरुपयोग पाए जाने से जायका जंक्शन रेस्टोरेंट से 03, सिंह रॉयल रेस्टोरेंट से 06 एवं रवींद्र होटल से 05 कुल 14 घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया. उक्त प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया.

### एनएसयूआई करेगा घेराव

रीवा, 15 मार्च, एनएसयूआई द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर आज भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा. यह कार्यक्रम रीवा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में किया जाएगा. एनएसयूआई कार्यकर्ता आज दोपहर 12 बजे बैजू धर्मशाला, जयस्तंभ चौक पर एकत्रित होंगे. वहां छात्रों और युवाओं को संबोधित करने के बाद रैली के रूप में भाजपा कार्यालय की ओर कूच कर घेराव किया जाएगा. एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने पहुंचने की अपील की है.

# राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर इटौरा में शुरू

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी रीवा द्वारा इटौरा ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवस शिविर का शुभारंभ हुआ.**

कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत सरपंच भास्कर दत्त साहू, महाविद्याय संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने किया. प्रथम दिन स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. इस अभियान के तहत पंचायत भवन के पीछे स्थित शिव मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया. कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने मिलकर मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया. कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं ऋषि मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी सतेंद्र सिंह, अनिशा शर्मा, समस्त स्टाफ उपस्थित रहे. उन्होंने स्वयंसेवकों के इस कार्य की सराहना करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया. स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

# विविधता में एकता और नई शिक्षा नीति पर हुआ अकादमिक मंथन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के दूसरे दिन भी विभिन्न अकादमिक सत्रों में गंभीर और सार्थक विचार-विमर्श हुआ.**

समापन सत्र के अध्यक्ष डॉ. विनोद रस्तोगी, विषय विशेषज्ञ डॉ. एस.पी. शुक्ल, डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा तथा रचना श्रीवास्तव रहीं.




संगोष्ठी के द्वितीय दिवस के अकादमिक सत्र में डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, सुजीत सिंह, डॉ. सतीष कुमार द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, डॉ. शिवांगी दाहिया, अवनीश सिंह, साक्षी अग्रहरि, डॉ. मंजूश्री मिश्रा, डॉ. अर्पिता मिश्रा, ममता जायसवाल, ज्योति मिश्रा, लकी द्विवेदी, अंजलि कुशवाहा, महेश कुशवाहा द्वारा विषय से संबंधित शोध-पत्रों का वाचन किया गया. डॉ. एस.पी. शुक्ल ने भारतीय समाज में विविधता में एकता विषय पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया.

संगोष्ठी में युवा शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'युवा समाज वैज्ञानिक अवार्ड' प्रदान किए गए. शोध-पत्र वाचन के आधार पर पूजा तिवारी ने प्रथम, अलका मिश्रा ने द्वितीय तथा साक्षी अग्रहरि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक-चिह्न देकर सम्मानित किया गया.

# दो दिवसीय निर्गुण समारोह आज से

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, संस्कृति विभाग द्वारा भोजपुरी साहित्य संस्कृति और कलाओं के संरक्षण, विकास एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय निर्गुण समारोह का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को किया गया है.**

समारोह में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक द्वारा व्याख्यान, गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है.भोजपुरी साहित्य अकादमी के स्थानीय संयोजक विवेक द्विवेदी ने जानकारी दी की 16 मार्च को समारोह में डॉ. मन्नू यादव (कृष्ण) बनारस एवं श्रीमती मणिमाला सिंह रीवा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी. इसी क्रम में 17 मार्च को अंजू भारती लखनऊ एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ दी जायेगीं. संचालक एनपी नामदेव ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

# शहर में नालों के मुहाने तक बन गये बहुमंजिला भवन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 मार्च, नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वार्डो में नाले लगातार अतिक्रमण के चपेट में है. नाले के मुहाने तक बहुमंजिला भवन बनकर खड़े हो गये है.**



नियमो को धता बताकर नाले तक बने भवनो को लेकर नगर निगम भी कार्यवाही करने से पीछे हट रहा है. लिहाजा नाले की भूमि में भवन बन रहे है, कई जगह नाले का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है. यही वजह है कि शहर में कृतिक बाढ़ हर वर्ष आती है. 2016 में आई बाढ़ के बाद शहर के सभी बड़े नालों का सीमांकन किया गया था और अमहिया नाले के जद में आये घरो को गिराया गया था. ग्रीन बेल्ट एवं रेड़ जोन छोड़ कर निर्माण होना चाहिये. लेकिन शहर में नाले पर ही लोगो ने घर बना लिया है.

जिम्मेदार नगर निगम प्रशासन केवल मूकदर्शक बना हुआ है. शहर के चंदुआ नाला, निपनिया नाला, अमहिया, धिरमा नाला सहित अन्य छोटे नालों पर अतिक्रमण है. जिस तरह से लगातार नालो में लोग अतिक्रमण कर घर बना रहे है निश्चित रूप से बरसात में बाढ़ की स्थित निर्मित होगी और लोगो के घरो में पानी भरेगा. खैरी में लोगो ने चंदुआ नाला को पाट कर घर बना लिया है अमूमन यही स्थित सभी जगह है.

### उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

रीवा, 15 मार्च, रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 16 मार्च तक किया जायेगा. उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपेक्षा की है कि नियत तिथि तक अपनी फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन करा लें. इसके बाद किसानों का पंजीयन नही हो पाएगा.